# Asha Jain





**DOB** **05 | 06**

**Hobbies:** Reading, Listening to air, Old movie songs



## Spouse
## **Dr. Pankaj Jain**

**DOM:** 10 | 12

Practicing Ophthalmologist

## Two Daughter



## Memories

ये कब की बात है याद नही पर एक बार  लडकिया को titles दिए गए थे। मुझे अपना याद है। ‘‘खेलती है तो, मुस्कराती है, नाचती है तो मुस्कराती है। मै मुसकराऊगा, तो भी मुसकराओगी। शायद ये हमारे seniors का काम था। पर आगे मुझे बहुत सभी दोस्तो ने ever smiling girl भी कहा था। मिलने पर बताना कि वो मुस्कराहट अब भी बरकरार है या नहीं



एक बार हम दो तीन सखियां लेक्चर के लिए हॉस्टल से कॉलेज की तरफ जा रहे थे। दूसरी ओर से दो बाहर के लडके साइकल पर निकले और बोले ‘‘हाथों मे किताब है। बालो मे गुलाब है। हम तो चुपचाप गर्दन झुका कर चलते रहे। तभी जोर से डाटकर चिल्लाने की आवाज आयी।देखा तो हमारे सीनियर डा. सोलंकी उन दोनों को अच्छे से हड़का रहे थै। मन ही मन उनका शुक्रिया करते हुए हम आगे बढ लिए।

शायद पहले दूसरे साल की बात है। रात को dinner के समय बहुत प्रतीक्षा करनी पडी थी। पर ये क्या? इतना स्वादिष्ट खाना। अरहर की दाल और कैरी की लौंजी। फटाफट खाना शुरू किया और खाते गये। पता नही कैसे शर्त लगी मेरे और आरती के बीच, कोन ज्यादा खा सकता है। मै सौलह रोटियां खा कर हार गयी। अगले दिन मुझे diarrhea और उसे constipation हो गया।

